# यूपी की नई निर्यात नीति जल्द आएगी

**लखनऊ।** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि जल्द नई निर्यात नीति लाई जाए। उन्होंने निर्यात बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि अब हर जिले में जिला निर्यात परिषद सक्रिय होंगी।

मंत्री ने शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि पहले तीन महीनों में 20 जिलों में ओवरसीज ट्रेड फैसिलिटेशन सेन्टर्स बने इसके साथ अगले एक वर्ष में प्रदेश के सभी जिलों में उक्त सेन्टर्स चालू कर दिए जाएं। हर जिले में में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिले के निर्यातकों के साथ नियमित जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठकों का आयोजन किया जाए। निर्यातकों से जुड़ी समस्याओं को उच्च स्तर पर भेजा जाए ताकि उनका समाधान कराया जा सके। उन्होंनें प्रदेश में बंद पड़ी एक्सपोर्ट यूनिटों जल्द से को चालू करने के निर्देश दिए।

निर्यात आयुक्त नवनीत सहगल ने बताया कि अगले तीन वर्ष में निर्यात 3 लाख करोड़ किए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए यूएस, जर्मनी, फ्रांस अंबेसी से बातचीत की जा रही है।